149. राजस्थान मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल एक समिति की अनुशंसा पर करते हैं, जिसका अध्यक्ष होता है

(a) प्रभारी मंत्री, गृह विभाग (b) मुख्यमंत्री
(c) विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (d) विधानसभा अध्यक्ष

RPSC-2017
पटवारी-2020 (Shift-III)
उद्योग प्रसार अधिकारी-2018

Ans. (b) : राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यंत्री की अध्यक्षता में गठित 6 सदस्यीय समिति द्वारा होती है। वर्तमान में इस समिति में केवल 4 सदस्य है इस समिति में शामिल होते हैं-
समिति का अध्यक्ष-मुख्यमंत्री सदस्य- गृहमंत्री, नेता विपक्ष (विधान सभा), विधान सभा अध्यक्ष, विधान परिषद अध्यक्ष, नेता विपक्ष (विधान परिषद) वर्तमान में राजस्थान राज्य मानवाधिकार (आयोग) के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास है।

150. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की चयन समिति में निम्नलिखित में से कौन नहीं होता है?

(a) मुख्यमंत्री (b) गृहमंत्री
(c) विपक्ष का नेता (d) राज्यपाल

फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

151. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

(a) सी.के. देव (b) निरंजन आर्य
(c) भूपेन्द्र यादव (d) जी.के. व्यास

Agriculture Superviser 2021
पटवारी-23 अक्टूबर, 2021
कृषि पर्यवेक्षक-2021

Ans. (d) : राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के वर्तमान अध्यक्ष गोपाल कृष्णन व्यास (जी.के.व्यास) जी है। राजस्थान राज्य सरकार ने 18 जनवरी 1999 को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुसार राज्य आयोग के गठन के लिए एक अधिसूचना जारी किया तथा मानवाधिकार आयोग ने मार्च 2000 से राज्य में कार्य करना शुरू किया। इसके प्रथम अध्यक्ष सुश्री कान्ता भटनागर थी।

152. निम्नांकित में से कौन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष नहीं रहे हैं?

(a) जस्टिस एन.के.जैन
(b) जस्टिस प्रकाश टाटिया
(c) जस्टिस जगत सिंह
(d) जस्टिस एस. सगीर अहमद

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (c) : जस्टिस जगत सिंह राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्षों की सूची निम्नलिखित है।
1. कान्ता भटनागर (23-03-2000 से 11-08-2000)
2. एस. सगीर अहमद (16-02-2001 से 03-06-2004)
3. एन. के जैन (16-07-2005 से 15-07-2021)
4. प्रकाश टाटिया (11-03-2016 से 25-11-2019)
वर्तमान में राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास (जनवरी 2021 से वर्तमान तक) है।

153. निम्न में से कौन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के एक अध्यक्ष नहीं थे?

(a) न्यायमूर्ति एन.के. जैन
(b) न्यायमूर्ति एस.सगीर अहमद
(c) न्यायमूर्ति कांता भटनागर
(d) न्यायमूर्ति प्रेमचंद जैन

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV
RPSC RAS/RTS-2015

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

154. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में क्या सत्य नहीं है?

i. आयोग ने मई 2000 से पूर्णतया कार्य करना शुरू किया।
ii. आयोग में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और दो सदस्य हैं।
iii. आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश या पूर्व न्यायाधीश हो सकते हैं।
iv. जुलाई 2000 से जुलाई 2005 तक न्यायाधीश ए. एस. गोदारा आयोग के अध्यक्ष थे।

कूट :
(a) i, iii और iv (b) ii, iii और iv
(c) ii और iii (d) i, ii, iii और iv

उत्तर – (*)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – राजस्थान मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम 2019 के अधीन वर्तमान में आयोग में 1 अध्यक्ष तथा 3 सदस्य होंगे (एक महिला सदस्य अनिवार्य रूप से होगी)। आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायलय के पूर्व मुख्य न्यायधीश या मुख्य न्यायधीश हो सकते है। परन्तु अभी यह प्रभावी नहीं है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग मार्च 2000 से कार्यशील है।

155. निम्नांकित में से कौन से कथन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सम्बन्ध में सही हैं?

(A) इसका गठन राजस्थान सरकार की 18 जनवरी, 1999 की एक अधिसूचना द्वारा हुआ।
(B) यह आयोग मार्च, 2000 से क्रियाशील हुआ।
(C) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के अनुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं 3 सदस्यों का प्रावधान किया गया है।
(D) इसके भूतपूर्व अध्यक्षों में से एक उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रहे हैं।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

कूट :
(a) (A), (B) और (C) (b) (A), (B) और (D)
(c) (B), (C) और (D) (d) (B) और (C)

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2018